अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**19 SEP. 2023**

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ''नमो 11 सूत्रीय कार्यक्रम'' की शुरुआत की गयी**



- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे राज्य में ''नमो 11 सूत्रीय कार्यक्रम'' लागू करने की घोषणा की.
- इस कार्यक्रम में नमो महिला सशक्तिकरण मिशन शामिल है जिसका लक्ष्य 73 लाख महिलाओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है.
- साथ ही नमो निर्माण श्रमिक कल्याण मिशन के तहत जो 73,000 श्रमिकों को सुरक्षा किट प्रदान किया जायेगा.

2. **मध्य प्रदेश में 'मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना' की शुरुआत की गयी**




- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 'मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना' का उद्घाटन किया. योजना के तहत जो परिवार विभिन्न आवासीय योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ पाने से वंचित रह गये थे, उन्हें इसके तहत अपना मकान मिलेगा.
- इस योजना के लिए 17 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आवेदन भरे जाएंगे.

3. **श्री अमित शाह ने हैदराबाद मुक्ति दिवस के अवसर पर सिकंदराबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।**




- इस मौके पर उन्होंने तेलंगाना की जनता को संबोधित किया।
- उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने हर साल आधिकारिक - तौर पर मुक्ति दिवस मनाने का फैसला किया।
- उन्होंने सिकंदराबाद में वीरुला स्मारकम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।
- इस अवसर पर कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के सांस्कृतिक समूहों ने लोगों का मन मोह लिया।
- 17 सितंबर 1948 को हैदराबाद राज्य को निज़ाम के शासन से आज़ादी मिली।
- ऑपरेशन पोलो के तहत भारत के पहले गृह मंत्री श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की कार्रवाई के कारण हैदराबाद की मुक्ति संभव हो सकी।

4. **यूनेस्को ने शांतिनिकेतन को अपनी विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है।**



- विश्व धरोहर समिति के 45वें सत्र के दौरान शांतिनिकेतन को सूची में शामिल करने का निर्णय लिया गया।
- विश्व धरोहर समिति का 45वां सत्र इस समय सऊदी अरब में चल रहा है।
- शांतिनिकेतन की स्थापना 1901 में नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता महर्षि देवेन्द्रनाथ टैगोर ने की थी।
- शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित है।
- केंद्र ने पहली बार 2010 में शांतिनिकेतन के लिए विश्व विरासत टैग प्राप्त करने का प्रयास किया।

**5. असम सरकार ने 'सरपंच संवाद' ऐप लॉन्च किया**



- असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने 'सरपंच संवाद' ऐप लॉन्च किया है। यह क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) का एक मोबाइल एप्लिकेशन ऐप है।
- राज्यपाल ने कहा कि सरपंच संवाद पहल भारत के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेगी और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को प्राप्त करने में सहायता करेगी।
- सरपंच संवाद' पहल का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में लगभग 2.5 लाख सरपंचों को जोड़ना है।

**6. काजी फ़ैज़ ईसा पाकिस्तान के 29वें मुख्य न्यायाधीश बने**




- इस्लामाबाद के ऐवान-ए-सद्र में आयोजित एक समारोह में 4 न्यायमूर्ति काजी फ़ैज़ ईसा ने पाकिस्तान के 29वें मुख्य न्यायाधीश के रूप शपथ ली।
- राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।
- सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर उनका कार्यकाल - 13 महीने का होगा, जो 25 अक्टूबर 2024 को खत्म होगा।
- उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान गंभीर संवैधानिक, कानूनी और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

**7. विश्व बांस दिवस 2023: 18 सितंबर**




- हर साल 18 सितंबर को विश्व बांस दिवस मनाया जाता है।
- विश्व स्तर पर बांस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 2009 से विश्व बांस संगठन द्वारा इसे मनाया जाता है।
- यह दिन बांस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सतत विकास, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक संरक्षण में इसकी भूमिका को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2021 से 2030 तक को पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर एक दशक के रूप में घोषित किया है। विश्व बांस संगठन ने इस पहल का समर्थन किया है।

**8. धर्मेंद्र प्रधान और ओम बिड़ला ने 'स्किल्स ऑन व्हील्स' पहल शुरू की**




- केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिल्ली में 'स्किल्स ऑन व्हील्स' पहल शुरू की।
- इस पहल के तहत अगले पांच वर्षों में 60,000 युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा।
- यह पहल सरकार के कौशल विकास मिशन, युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों और सहायता प्रणाली के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू की गई है।

**9. राइट्स लिमिटेड को सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया**




- रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) लिमिटेड को 'कंस्ट्रक्शन' श्रेणी में 'सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड 2023' प्राप्त हुआ है।
- नई दिल्ली में इंजीनियरों की सबसे बड़ी बहु-विषयक पेशेवर संस्था, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा आयोजित 20वें सुरक्षा सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान राइट्स के अधिकारियों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- बहु-क्षेत्रीय उपस्थिति वाले राइट्स ने कार्यस्थलों पर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हुए, अपने संचालन में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं को लगातार अपनाया है।
- राइट्स एक बहु-क्षेत्रीय कंपनी है जो अपने कार्यस्थलों पर सुरक्षा को लगातार प्राथमिकता देती है।

**10. दिल्ली में 'यशोभूमि' इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर का उद्घाटन किया गया**



- पीएम मोदी ने दिल्ली के द्वारका में 'यशोभूमि' कहे जाने वाले इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले फेज का उद्घाटन किया.
- यह दुनिया के सबसे बड़े कन्वेशन सेंटर में से एक है.
- इसे तैयार करने में लगभग 5400 करोड़ रुपये है खर्च हुए है.
- यह 8.9 लाख वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला है.
- हाल ही में आयोजित G20 समिट के मद्देनजर जिस भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर को तैयार किया गया था, यशोभूमि उससे भी काफी बड़ा है.

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. ''नमो 11 सूत्रीय कार्यक्रम'' की शुरुआत किस राज्य में की गयी है?**
(a) बिहार
(b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र
(d) केरल

**2. 'मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना' की शुरुआत किस राज्य में की गयी है?**
(a) बिहार
(b) असम
(c) मध्य प्रदेश
(d) हरियाणा

**3. श्री अमित शाह ने 17 सितंबर 2023 को _______ अवसर पर सिकंदराबाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।**
(a) अहमदाबाद मुक्ति दिवस
(b) बम्बई मुक्ति दिवस
(c) हैदराबाद मुक्ति दिवस
(d) भोपाल मुक्ति दिवस

**4. यूनेस्को ने शांतिनिकेतन को अपनी विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है। शांतिनिकेतन की स्थापना महर्षि देवेन्द्रनाथ टैगोर ने किस वर्ष की थी?**
(a) 1901
(b) 1911
(c) 1921
(d) 1931

**5. किस राज्य सरकार ने 'सरपंच संवाद' ऐप लॉन्च किया?**
(a) ओडिशा
(b) असम
(c) मणिपुर
(d) कर्नाटक

**6. पाकिस्तान के 29वें मुख्य न्यायाधीश कौन बने?**
(a) सर अब्दुल रशीद
(b) एस. ए. रहमान
(c) याकूब अली
(d) जस्टिस क़ाज़ी फ़ैज़ ईसा

**7. हर साल विश्व बांस दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 17 सितंबर
(b) 18 सितंबर
(c) 19 सितंबर
(d) 20 सितंबर

**8. हाल ही में किसने दिल्ली में 'स्किल्स ऑन व्हील्स' पहल शुरू की है?**
(a) धर्मेंद्र प्रधान
(b) नरेन्द्र मोदी
(c) ओम बिड़ला
(d) a & c both

**9. किस कंपनी को 'कंस्ट्रक्शन' श्रेणी में 'सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड 2023' प्राप्त हुआ है?**
(a) रिन्यू पावर
(b) टाटा पावर
(c) राइट्स लिमिटेड
(d) एनटीपीसी लिमिटेड

**10. 'यशोभूमि' इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर का उद्घाटन किस राज्य/ यूटी में किया गया?**
(a) लद्दाख
(b) असम
(c) बिहार
(d) दिल्ली

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (c) | (c) | (a) | (b) | (d) | (b) | (d) | (c) | (d) |